# ओमशान्ति मीडिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

International Day of Yoga 21 June

Yoga for Harmony & Peace

वर्ष-18 | अंक- 4 | मई-II-2018 | ( पाक्षिक ) | माउण्ट आबू | Rs. 10.00


# शांति और आनंद की लहर फैली शहर में...!!!

### ★ हरेक व्यक्ति का भाग्य अपने हाथ में ही होता है - सुरेश ओबेरॉय


### ★ टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल कर उसका सुख लें - शिवानी

**जूनागढ़-गुज.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा मोतीबाग सभागृह में 'चेंज योर मूड' विषयक कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता सुरेश ओबेरॉय ने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके जीवन में असंभव लगने वाली कई बातें राजयोग के ज्ञान से सहज ही संभव हो गईं। उन्होंने बताया कि आज उनके साथ उनका परिवार भी राजयोग के अभ्यास से जीवन में सुख शांति की अनुभूति कर रहा है। साथ ही विशेष रूप से क्रोध के ऊपर कैसे नियंत्रण लाया जाये और हमारी दिनचर्या शांति पूर्ण कैसे बने, ये भी बताया।

जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी ने अपने वक्तव्य का आरंभ आत्मा के निजी गुण क्या हैं और कैसे हम इसे दृढ़ता से आपनी जीवनचर्या और व्यवहार में लाकर रोज़ वाह ज़िंदगी वाह का अनुभव कर सकते हैं, इस बात से किया। कैसे हम दिव्यता का आह्वान कर अंदर के जो 10 रावण हैं उसका समूल विनाश कर सकते हैं, कैसे क्रोध, अहंकार, आत्मा की बीमारी है उसको अपने निजी गुणों को अपनाकर आत्मा की बीमारी से मुक्त हो सकते हैं ये बताया। इसकी विधि बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने आत्मा रूपी दीये को जगाना है। दीया मतलब देना, तो इस आत्मा रूपी दीये को जगाने से ये सबको शांति, सुख, आनंद, प्रेम देता ही रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब हम झुकते हैं, तो किसी के आगे झुकना, किसी को क्षमा करना या किसी से माफ़ी मांगना, ये कमज़ोरी की निशानी नहीं, बल्कि शक्ति की निशानी है। जो आत्मा शक्तिशाली होगी, वही किसी के आगे झुक सकती है। आरंभ में हमें ये कार्य थोड़ा कठिन लगेगा, लेकिन जैसे शरीर की कसरत में झुकते समय पहले दर्द होता है पर बाद में आसान लगता है और उससे शरीर स्वस्थ रहता है, वैसे ही आत्मा भी शक्तिशाली बनती जायेगी और ये सब सहज लगने लगेगा। दीदी ने आगे कहा कि 'दिव्य आत्मा' की श्रेष्ठ अनुभूति के साथ व्यवहार में आकर हम हर घर में सतयुग की अनुभूति कर सकते हैं। नवरात्रि में हम सभी के साथ जिस प्रकार रास करते हैं, वैसे ही हम संस्कार मिलन की रास कर इस धरती को पुन: स्वर्ग बना सकते हैं। अन्त में उन्होंने सभी को शांति का अनुभव राजयोग द्वारा कराया और सभी से कुछ दृढ़ता पूर्वक प्रतिज्ञा करवाई।

सायंकाल मधुवन पार्टी प्लॉट, जूनागढ़ में एक अन्य कार्यक्रम 'वाह ज़िन्दगी वाह' का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें शांति और खुशी के इच्छुक शहर के हज़ारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रमों का संचालन ब्र.कु. निहा और ब्र.कु. बीना ने किया। ब्र.कु. दमयन्ती ने उमंग उत्साह भरे शब्दों द्वारा सभी अतिथि तथा सारी जूनागढ़ के लोगों का स्वागत किया।





कार्यक्रम में ब्र.कु. दमयन्ती के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए ब्र.कु. शिवानी, सुरेश ओबेरॉय, ब्र.कु. बनारसीलाल शाह, शहर की मेयर तथा शहर के प्रबुद्ध जन।

## राजयोग ध्यान से होता मानव का कल्याण



मंचासीन ब्र.कु. मंजू, ब्र.कु. सुषमा, मंत्री अरविंद पाण्डे व ब्र.कु. चन्द्रकला।

**देहरादून-उत्तराखण्ड।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'स्वच्छ मन-स्वच्छ परिवेश, एक कदम स्वच्छता की ओर' कार्यक्रम में ब्र.कु. सुषमा,जयपुर ने कहा कि हम सभी को मिलकर भारत को फिर से वही स्वर्णिम भारत बनाना है, जिसकी कल्पना हम सभी ने की है और एक दिन भारत ही नहीं पूरा विश्व ही स्वर्णिम बन जायेगा। आज हमारी सरकार भी स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दे रही है। तो हमें सबसे पहले स्वच्छता से मिलने वाले लाभ के प्रति जागरुक होना होगा। ज्ञान के प्रकाश से हम अपने मन की दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त कर मन को स्वच्छ बनायेंगे। जब मन में स्वच्छता के प्रति रुचि बनी रहेगी, तब ही हम भीतरी और बाह्य स्वच्छता को बनाये रखने में कामयाब होंगे। उसके लिए उन्होंने बताया कि आप फील करें कि 'मैं परमात्मा का बच्चा हूँ', तो मुझे किस तरह से अपना रोल अदा करना चाहिए। इस स्मृति को जितना परिपक्व बनाते जायेंगे, उतना ही स्वच्छता के प्रति स्वयं व दूसरों को भी जागरुक कर पायेंगे।

राज्य के मा. शिक्षा एवं खेल मंत्री अरविंद पाण्डे ने कहा कि हमें हर परिस्थिति से बचने के लिए भगवान का ध्यान करना चाहिए। क्योंकि हमें हर संकट से भगवान ही बचा सकते हैं। राजयोग मेडिटेशन के द्वारा हमें हमारे मन में निहित गंदगी से मुक्ति मिलेगी और हम स्वच्छ होंगे। तभी हमारा स्वच्छ व स्वर्णिम भारत का सपना साकार होगा।

ब्र.कु. चन्द्रकला ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर मुख्य नगर अधिकारी विजय कुमार जोगडण्डे जी (आई.ए.एस.) ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि अगर मनुष्य का मन सुंदर होगा, तो जग सुंदर होगा। अगर हर व्यक्ति अपने आचरण में स्वच्छता धारण कर ले तो हम स्वच्छ भारत के साथ ही स्वच्छ विश्व की कल्पना कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में ब्र.कु. मंजू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी भाई-बहनों के द्वारा भी देहरादून को स्वच्छ बनाने के लिए भरपूर सहयोग दिया जायेगा।

## बस्ती वालों का होगा कायाकल्प

**रीवा-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा निराला नगर की झुग्गी-झोपड़ी में निवास करने वालों के लिए आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती ममता गुप्ता ने संस्था द्वारा किये जा रहे इस तरह के कार्यक्रम के लिए अपनी खुशी ज़ाहिर की एवं बस्ती वासियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रीवा के चेयरमैन डॉ. एच. पी. सिंह ने कहा कि इस बस्ती की सर्व समस्याओं को सबके सहयोग से दूर किया जायेगा। इस हेतु रेडक्रॉस सोसायटी तथा अन्य समाजसेवी संगठनों द्वारा हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

डॉ. ज्योति सिंह,बाल्य शिशु रोग विभाग की विभागाध्यक्ष,मेडिकल कॉलेज रीवा एवं डॉ. प्रवीण,चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आप सभी को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सर्व साधन भी शासन से दिलाने का हम भरपूर प्रयास करेंगे। म.प्र. प्रशासन के पूर्व प्रमुख अभियन्ता आर.के. सिंह एवं एडवोकेट सूर्य प्रकाश मिश्रा ने कहा कि गरीबों को नशामुक्ति के प्रति जागरुक कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जायेगा। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. निर्मला ने कहा कि यह समाज एक ऐसा वर्ग है जो समाज के सभी वर्गों को सहयोग देता है। अत: इनका जीवन हर रूप से बेहतर बने, इस दिशा में सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया।




सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. प्रकाश। मंचासीन ब्र.कु. निर्मला के साथ अतिथिगण।



**मुम्बई-मलाड।** 'तरंग ग्रैंड फिनाले-रेडियो वॉइस ऑफ मुम्बई फेज़-1' में दीप प्रज्वलित करते हुए फिल्म डायरेक्टर एंड प्रोड्यूसर अनुराग बासू, डॉ. श्याम अग्रवाल,प्रेसीडेंट,डी.जी. खेतान इंटरनेशनल स्कूल,मलाड, महेश शर्मा,सिंगर एंड म्युज़िक कम्पोज़र, दिलराज कौर,प्लेबैक सिंगर, शिबानी कश्यप,सिंगर, राजीव वोहरा,सिंगर, दिलीप सेन,प्लेबैक सिंगर, प्राची ठक्कर,टी.वी.एक्ट्रेस, वगीस सारस्वत, अनस रशीद,प्रसिद्ध टी.वी. कलाकार, ब्र.कु. दिव्यप्रभा, ब्र.कु. कुन्ति, ब्र.कु. यशवंत तथा अन्य गणमान्य लोग।